# Daily Current Affairs

Date : 07 July, 2025

CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | बालोतरा जिला शिक्षा परिवर्तन कार्यक्रम |
| 2. | अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस (राज्य स्तरीय कार्यक्रम) |
| 3. | भारतीय क्षेत्र में पनपने वाली 4 नई कवक प्रजातियों की खोज |
| 4. | श्याम सुंदर स्वामी |
| 5. | एल्युमीनियम और कॉपर विज़न डॉक्यूमेंट्स |
| 6. | 17वाँ ब्रिक्स (BRICS) शिखर सम्मेलन |
| 7. | राष्ट्रीय बायोबैंक |
| 8. | दलाई लामा |
| 9. | अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस 2025 |
| 10. | पैरा-तीरंदाजी एशियाई चैंपियनशिप 2025 : हरविंदर सिंह |
| 11. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. एन. सी. क्लासिक 2025 विजेता : नीरज चोपड़ा<br>2. अनिमेष कुजूर |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### बालोतरा जिला शिक्षा परिवर्तन कार्यक्रम

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **05 जुलाई, 2025 को सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा बालोतरा के पादरू गाँव में 'बालोतरा जिला शिक्षा परिवर्तन कार्यक्रम (BDET)' का शुभारंभ किया गया।**



➲ **मुख्य बिंदु :**

- **इस कार्यक्रम की शुरुआत मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन द्वारा की गई है।**
- **उद्देश्य : यह एक शिक्षा एवं कौशल विकास संबंधी महत्त्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य घर-घर सर्वे कर ड्रॉपआउट और नामांकन से वंचित बालिकाओं की पहचान कर उनका विद्यालयों में नामांकन करवाया जाएगा।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **नोट :** राजस्थान सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 (NEP-2020) के तहत् 9 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2024 तक कक्षा 1 से 8 के छात्र-छात्राओं के लिए 'प्रखर राजस्थान रीड टू लीड कैंपेन' चलाया गया।

## ❖ फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स (आर्थिक समीक्षा – 2024-25):

### स्कूली शिक्षा के तहत् उन्नत पहलें:

- **माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत प्री-मेट्रिक छात्रवृत्ति :** यह छात्रवृत्ति अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को कक्षा 6 से 12वीं तक प्रदान की जाती है।
- इस योजना के तहत् प्रति छात्र प्रति वर्ष अधिकतम ₹50,000 तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें आवास, भोजन और अन्य खर्च शामिल होते हैं।
- **पात्रता :** कक्षा 6 से 11वीं तक प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों।
- **नोट :** प्रारंभिक शिक्षा के अन्तर्गत SC, ST, OBC, SBC तथा De-notified, Nomadic, and Semi-Nomadic Tribes (DTNT) सीमान्त क्षेत्र (OBC) के छात्रों को प्री-मेट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।
- **नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण योजना :** इस योजना के तहत् राजकीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों, कक्षा 9 से 12 तक में पढ़ने वाली सभी छात्राओं, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों तथा वे छात्र जिनके माता-पिता आयकर दाता नहीं हैं, को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करवाई जाती हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **गार्गी पुरस्कार योजना :** बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए गार्गी पुरस्कार योजना के तहत्, वे छात्राएँ जो राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करती हैं एवं जो कक्षा 11वीं और 12वीं में नियमित रूप से अध्ययन करती हैं, उन्हें प्रति वर्ष ₹3,000 और एक प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है।
- **बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना :** इस पुरस्कार योजना के तहत् वे छात्राएँ जो राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करती हैं, उन्हें ₹5,000 एवं एक प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है।
- **नोट :** राजस्थान में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और अकादमिक रूप से प्रतिभाशाली छात्रों की शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को इंटरनेट कनेक्शन के साथ उच्च गुणवत्ता वाले टैबलेट्स निःशुल्क प्रदान किये जाते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस (राज्य स्तरीय कार्यक्रम)

## ➲ चर्चा में क्यों?



- अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस (05 जुलाई) के अवसर पर राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंध संस्थान (RICEM) में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- **सहकारिता का ध्येय वाक्य :** 'एक सबके लिए, सब एक के लिए'।
- सहकारी समितियाँ जन-केंद्रित उद्यम होती हैं, जिनका स्वामित्व, नियंत्रण और संचालन उनके सदस्यों द्वारा किया जाता है तथा वे अपनी सामान्य आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए ऐसा करते हैं।
- सहकारिता के महत्त्व को समझते हुए भारत सरकार द्वारा 6 जुलाई, 2021 को सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया, जो देश में सहकारी आन्दोलन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर है।
- **भारत के प्रथम सहकारिता मंत्री :** अमित शाह को 7 जुलाई, 2021 को भारत का पहला सहकारिता मंत्री नियुक्त किया गया।
- **राजस्थान के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) :** गौतम कुमार दक।
- **नोट :** संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ❖ फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- **राष्ट्रीय सहकारी मसाला मेला, 2024 : यह मेला 19 से 28 मई, 2024 तक जवाहर कला केंद्र, जयपुर में आयोजित किया गया। इन मेलों में राज्य और अन्य राज्यों की सहकारी संस्थाओं द्वारा अपने क्षेत्र के प्रसिद्ध और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को बिक्री के लिए लाया जाता हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारतीय क्षेत्र में पनपने वाली 4 नई कवक प्रजातियों की खोज

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **हाल ही में, राजस्थान विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. योगेश जोशी ने हिमालय की दुर्गम ऊँचाई पर भारतीय क्षेत्र में पनपने वाली 04 नई कवक प्रजातियों (Fungal Species) की खोज की है।**




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **नई खोजी गई 4 कवक प्रजातियों में से एक उत्तराखंड के चमोली जिले के गमसारी गाँव में पाई गई है, जिसका नाम 'पोलीकॉकम राइनोडीने वैरायटी गैलीगेनम' रखा गया है। यह विश्व स्तर पर पहली बार खोजी गई है और केवल भारत में पाई जाती है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### खोजी गई अन्य 3 प्रजातियाँ:

- **पोलीकॉकम निग्रोस्पोरम।**
- **पोलीकॉकम रीनोडीने (चमोली, उत्तराखंड)**
- **पोलीकॉकम रुबीलियने (पिथौरागढ़, उत्तराखंड)**

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- **वर्ष 2024 में भी डॉ. योगेश जोशी द्वारा 4 नई कवक प्रजातियों की खोज की गई थी, जिसे बॉटनी के क्षेत्र में नवीन शोध कार्यों की जानकारी देने वाली 'लिंडबर्गिया' पत्रिका में प्रकाशित किया गया।**

### वर्ष 2024 में खोजी गई 4 नई कवक प्रजातियाँ:

- **आर्थोनिया एस्पिसिलिया,**
- **आर्थोनिया डेस्ट्रूनेस,**
- **आर्थोनिया हॉक्सवर्थी,**
- **आर्थोनिया प्रोटोपरमेलियोप्सियोस।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# श्याम सुंदर स्वामी

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **हाल ही में, बीजिंग में आयोजित एशियाई पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में श्याम सुंदर स्वामी और राकेश कुमार की जोड़ी ने कम्पाउंड पुरुष ओपन टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता।**

## ➲ मुख्य बिंदु :

- **श्याम सुंदर स्वामी और राकेश कुमार की जोड़ी को कम्पाउंड पुरुष ओपन टीम स्पर्धा में एआई शिनलियांग और झांग यिचेंग ने 156-155 से हराया।**
- **श्याम सुंदर स्वामी मूलरूप से बीकानेर के निवासी है।**
- **इससे पूर्व फरवरी, 2025 में श्याम सुंदर स्वामी ने थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित पैरा तीरंदाजी एशिया कप में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।**
- **श्याम सुंदर स्वामी राजस्थान के उन 9 खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने पेरिस पैरालंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## एल्युमीनियम और कॉपर विज़न डॉक्यूमेंट्स

### ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्र सरकार ने "सतत एवं उत्तरदायी खनन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन" में एल्युमीनियम और कॉपर विज़न डाक्यूमेंट्स जारी किए।




### ➲ मुख्य बिंदु :

- यह सम्मेलन हैदराबाद में आयोजित हुआ, जिसे वर्ल्ड माइनिंग कांग्रेस की भारतीय राष्ट्रीय समिति ने आयोजित किया था।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### एल्युमीनियम और कॉपर विज़न डॉक्यूमेंट्स:

- ये दस्तावेज़ बढ़ती घरेलू माँग को पूरा करने हेतु दीर्घकालिक रणनीति प्रदान करते हैं और कच्चे माल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं।
- **कॉपर विज़न डॉक्यूमेंट:** वर्ष 2047 तक ताँबे की मांग में छह गुना वृद्धि का अनुमान है। वर्ष 2030 तक 5 मिलियन टन प्रति वर्ष अतिरिक्त स्मेल्टिंग और रिफाइनिंग क्षमता जोड़ने की योजना है।
- **एल्युमीनियम विज़न डॉक्यूमेंट:** वर्ष 2047 तक उत्पादन को छह गुना बढ़ाने और बॉक्साइट उत्पादन क्षमता को 150 मिलियन टन प्रति वर्ष तक ले जाने का लक्ष्य है।

### एल्युमीनियम / बॉक्साइट:

- **भारत में भंडार:** 41 प्रतिशत बॉक्साइट ओडिशा में, इसके बाद छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश।
- **उत्पादन:** ओडिशा भारत का शीर्ष उत्पादक, कुल उत्पादन का 73 प्रतिशत यहीं होता है।
- **विश्व स्तर पर:** चीन विश्व का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक (58 प्रतिशत), इसके बाद ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील और भारत।

### ताँबा (कॉपर):

- **भारत में भंडार:** 52.25 प्रतिशत ताँबे का भंडार राजस्थान में, फिर मध्य प्रदेश और झारखंड।
- **उत्पादन (2022-23):** मध्य प्रदेश शीर्ष उत्पादक (57 प्रतिशत), फिर राजस्थान (43 प्रतिशत)।
- **विश्व स्तर पर:** चिली के पास सबसे बड़ा ताँबे का भंडार (19 प्रतिशत), उसके बाद पेरू और ऑस्ट्रेलिया (10 प्रतिशत)।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

### 17वाँ ब्रिक्स (BRICS) शिखर सम्मेलन

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, ब्रिक्स सदस्य देशों का 17वाँ शिखर सम्मेलन ब्राज़ील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित किया गया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### ➲ मुख्य बिंदु :

- इस सम्मेलन में इंडिनेशिया ने एक पूर्ण सदस्य के रूप में भागीदारी की।
- ब्रिक्स देशों के नेताओं ने वर्ष 2028 में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के 33वें सम्मेलन (COP - 33) की मेजबानी के लिए भारत की उम्मीदवारी का स्वागत किया।
- इस सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और विश्व व्यापार संगठन जैसी वैश्विक शासन संस्थाओं में सुधारों की बात की।
- इस सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया की भारत वर्ष 2026 में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इससे पहले भारत ने 2021 और 2024 में ब्रिक्स की अध्यक्षता की थी।

### रियो डी जेनेरियो घोषणा पत्र :

- घोषणा में अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर किए गए सैन्य हमलों की निंदा की गई और ईरान की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति समर्थन व्यक्त किया गया।
- ब्रिक्स के सदस्य देशों ने वैश्विक व्यापार में असंतुलन और संरक्षणवादी नीतियों, विशेषकर हालिया आयात शुल्क बढ़ोतरी को लेकर गंभीर चिंता जताई। अमेरिका द्वारा प्रस्तावित 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से आलोचना की गई।
- ब्रिक्स देशों के नेताओं ने सीमापार आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की और हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की स्पष्ट आलोचना की।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### ब्रिक्स (BRICS):

- **स्थापना:** सितंबर, 2006 में।
- **संस्थापक:** शुरुआत में इसमें ब्राजील, रूस, भारत और चीन (जिसे BRIC नाम दिया) शामिल थे।
- **ब्रिक्स:** सितंबर, 2010 में दक्षिण अफ्रीका BRIC में शामिल हुआ, जिससे इसका नाम बदलकर ब्रिक्स (BRICS) कर दिया गया।
- **मुख्यालय:** शंघाई (चीन)
- **संगठन की अध्यक्षता:** BRICS संगठन की अध्यक्षता सदस्य देश अल्फाबेट के क्रमानुसार करते हैं।
- **ब्रिक्स में शामिल नवीनतम सदस्य:** मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात तथा इंडोनेशिया, जिसे जनवरी, 2025 में ब्रिक्स में 10वें सदस्य राष्ट्र के रूप में शामिल किया गया।

### ब्रिक्स की महत्त्वपूर्ण पहलें:

- न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB)
- कॉन्टिंजेंट रिज़र्व अरेंजमेंट (CRA)
- 'ब्रिक्स प्लस' संवाद।
- ब्रिक्स रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट कांस्टेलेशन।
- ब्रिक्स क्लियर डिपॉजिटरी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## राष्ट्रीय बायोबैंक

**चर्चा में क्यों?**

- **6 जुलाई, 2025 को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और CSIR के उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह ने दिल्ली स्थित CSIR-इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (IGIB) में अत्याधुनिक फेनोम इंडिया 'नेशनल बायोबैंक' का उद्घाटन किया।**




**मुख्य बिंदु :**

- **यह UK बायोबैंक मॉडल से प्रेरित हैं जिसका भारतीय संस्करण देश का भूगोल, जातीयता और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि में अनूठी विविधता को समझने के लिए तैयार किया गया है।**
- **बायोबैंक भारत में 10,000 व्यक्तियों से व्यापक जीनोमिक, जीवनशैली और नैदानिक डेटा एकत्र करते हुए एक राष्ट्रव्यापी कोहोर्ट अध्ययन के रूप में काम करेगा।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- बायोबैंक की शुरुआत फेनोम इंडिया परियोजना के तहत् की गई हैं।
- यह कई वर्षों तक व्यक्तियों के स्वास्थ्य प्रक्षेप पथ पर नजर रखने वाला एक दीर्घकालिक, डेटा-समृद्ध अध्ययन बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- यह वैज्ञानिकों को रोग पैटर्न, जीन-पर्यावरण अंतःक्रियाओं और उपचारों के प्रति प्रतिक्रिया को उजागर करने में मदद करेगा।

❖ **अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु**

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् :**

- भारत का सबसे बड़ा अनुसंधान एवं विकास संगठन है।
- **स्थापना :** वर्ष 1942
- सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय के रूप में पंजीकृत है।
- **मुख्यालय :** नई दिल्ली।
- **वित्तपोषण :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा।
- **पदेन अध्यक्ष :** भारत के प्रधानमंत्री।
- **उद्देश्य :** वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान करना।

**'फेनोम इंडिया' परियोजना (PI-चेक):**

- **पूर्ण रूप :** फेनोम इंडिया - CSIR हेल्थ कोहोर्ट नॉलेजबेस (PI-चेक)
- **शुभारंभ :** वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (CSIR) द्वारा 7 दिसंबर, 2023 को।
- यह भारत का पहला अखिल भारतीय अनुदैर्ध्य स्वास्थ्य निगरानी अध्ययन है जो विशेष रूप से कार्डियो-मेटाबोलिक स्वास्थ्य पर केंद्रित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **परियोजना का मुख्य उद्देश्य :**
  - **अनुसंधान और नवाचार के लिए स्वास्थ्य समूह ज्ञानकोष का निर्माण करना।**
  - **मधुमेह, यकृत रोग और हृदय रोगों सहित कार्डियो-मेटाबोलिक रोगों के लिए भारत-विशिष्ट जोखिम भविष्यवाणी मॉडल विकसित करना।**
  - **भारतीय आबादी में गैर-संचारी (कार्डियो-मेटाबोलिक) रोगों के जोखिम कारकों का आकलन करना।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## चर्चित व्यक्तित्व

### दलाई लामा

➲ **चर्चा में क्यों?**



- हाल ही में, हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा का 90वाँ जन्मोत्सव मनाया गया।

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **संबंधित परंपरा:** दलाई लामा तिब्बती बौद्ध धर्म की 'गेलुग्पा परंपरा' से संबंधित हैं जो तिब्बत की सबसे बड़ी और प्रभावी परंपरा हैं।
- **दलाई लामा:** यह एक धार्मिक उपाधि हैं, जो अभी तक 14 व्यक्तियों को मिल चुकी हैं, जिनमें से पहले और दूसरे दलाई लामा को ये उपाधि मृत्यु के बाद प्राप्त हुई। 14वें और वर्तमान दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो हैं।
- **चीन - भारत विवाद :** 1959 में, तिब्बत में चीनी शासन के खिलाफ एक बड़ा विद्रोह हुआ था। इस विद्रोह को कुचलने के लिए चीन ने सैन्य बल का इस्तेमाल किया, जिसमें हजारों तिब्बती मारे गए। दलाई लामा की जान को खतरा था, इसलिए वे 17 मार्च, 1959 को गुप्त रूप से ल्हासा से भागे और हिमालय पार करके भारत में शरण ली. उस समय के भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने मानवीय आधार पर दलाई लामा और उनके अनुयायियों को शरण दी थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण दिवस

### अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस 2025




**चर्चा में क्यों?**

- **प्रत्यक वर्ष जुलाई माह के पहले शनिवार (इस बार 5 जुलाई, 2025) को 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस' मनाया जाता हैं।**

**मुख्य बिंदु :**

- **संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है।**
- **शुरुआत: वर्ष 1923 में अंतरराष्ट्रीय सहकारी आंदोलन और अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन द्वारा की गई, परंतु इस दिवस को पहली बार वर्ष 2005 में UNO के तत्वाधान में मनाया गया था।**
- **इस दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर सहकारी समितियों को बढ़ावा देना है।**
- **वर्ष 2025 की थीम: "सहकारिता सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करती है।"**
- **अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस–2025 के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने गुजरात के आणंद में देश के पहले राष्ट्रीय स्तर के सहकारी विश्वविद्यालय 'त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय' का उद्घाटन किया।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## खेल परिदृश्य

## पैरा-तीरंदाजी एशियाई चैंपियनशिप 2025 : हरविंदर सिंह

### ➲ चर्चा में क्यों?

- 2 से 7 जुलाई, 2025 तक बीजिंग (चीन) में आयोजित एशिया पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में भारत 3 स्वर्ण पदक के साथ कुल 9 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहा।




### ➲ मुख्य बिंदु :

- **भारत के कुल पदक :** 9 (3 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक)
- **भारत का पदक तालिका में स्थान :** दूसरा (शीर्ष : चीन – दस स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**स्वर्ण पदक :**

- **महिला कंपाउंड टीम :** शीतल देवी और ज्योति की महिला कंपाउंड टीम ने चीन की लू झांग और जिंग झाओ को हराकर स्वर्ण पदक जीता।
- **मिक्स्ड रिकर्व टीम :** हरविंदर सिंह और भावना ने चीन के जिहान गाओ और जुन गान को हराकर मिक्स्ड रिकर्व में स्वर्ण पदक जीता।
- **हरविंदर सिंह :** पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व ओपन स्पर्धा के फाइनल में थाईलैंड के हनरेउचाई नेत्सिरी को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

**रजत पदक :**

- **पुरुष कंपाउंड टीम :** राकेश कुमार और श्याम सुंदर स्वामी ने रजत पदक जीता।
- **मिश्रित युगल :** राकेश कुमार और ज्योति ने रजत पदक जीता।
- भारत ने पुरुष रिकर्व ओपन, पुरुष कंपाउंड ओपन और मिश्रित कंपाउंड ओपन स्पर्धाओं में तीन रजत पदक जीते।

**कांस्य पदक :**

- **ज्योति :** इंडोनेशिया की टेओडोरा ऑडी को कंपाउंड ओपन में हराकर कांस्य पदक जीता।
- **पूजा और भावना :** रिकर्व महिला ओपन डबल्स में इंडोनेशिया को हराकर कांस्य पदक जीता।
- **नवीन दलाल और नूरुद्दीन :** पुरुषों के W1 डबल्स में कजाकिस्तान को हराकर कांस्य पदक हासिल किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

❖ **अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**


**हरविंदर सिंह :**

- **संबंध : कैथल (हरियाणा)**
- **प्रतियोगिता में कुल 2 स्वर्ण पदक जीते।**
- **अन्य उपलबधियाँ : पेरिस, 2024 पैरालंपिक में तीरंदाजी में पहले स्वर्ण पदक विजेता बने।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **एन. सी. क्लासिक – 2025 विजेता : नीरज चोपड़ा**<br><br><br>♦ कांतीरवा स्टेडियम (बेंगलुरु) में आयोजित एन. सी. क्लासिक – 2025 प्रतियोगिता के पहले संस्करण में नीरज चोपड़ा ने 86.18 मीटर जेवलिन थ्रो के साथ पहला संस्करण जीता।<br>♦ केन्या के जूलियस येगो 84.51 मीटर के सीज़न के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि श्रीलंका के रुमेश पथिरगे ने 84.34 मीटर के थ्रो के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 2. अनिमेष कुजूर




- ओडिशा के अनिमेष कुजूर ने म्यूनिसिपल स्टेडियम (ग्रीस) में आयोजित ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट एंड रिलेज़ मीटिंग, 2025 में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में 10.18 सेकंड के समय के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया तथा फाइनल B खिताब जीता और इसके बाद 10.2 सेकंड से कम समय में 100 मीटर दौड़ने वाले पहले भारतीय बन गए।
- समग्र रैंकिंग में कुजूर ने दक्षिण अफ्रीका के बेंजामिन रिचर्डसन (10.01) और ओमान के अली अनवर अल-बलुशी (10.12) के बाद तीसरा स्थान हासिल किया।
- 22 वर्षीय कुजूर ने बेंगलुरु में इंडियन ग्रैंड प्रिक्स 1 में गुरिंदरवीर सिंह द्वारा बनाए गए 10.20 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR